फर्द अहकाम

अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर

भूराराम वगैराह बनाम जुगताराम वगैराह

किस्म मुकदमा राजस्व अपील अन्तर्गत धारा 75 राज. भू–राजस्व अधिनियम संख्या 259/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18-11-2024	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट के अधिवक्ता एवं रेस्पोडेन्ट संख्या 2 तथा रेस्पो0 संख्या 40 व 41 के अधिवक्तागण उपस्थित है। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा आज दिनांक 18.11.2024 को निवेदन किया गया है कि दिनांक 12.08.24 को न्यायालय हाजा के समक्ष उनकी ओर से एक प्रार्थना पत्र पेश करते हुए अपील में आयन्दा पैरवी बाबत No Instructions Plead कर यह निवेदन किया था कि उनके द्वारा अपीलान्टस से बार–बार सम्पर्क करने पर भी कोई भी अपीलान्ट उनसे सम्पर्क नहीं कर रहे है तथा उनकी ओर से अपीलान्टस को दिनांक 12.8.2024 तक सम्पर्क करने हेतु रजिस्टर्ड नोटिस पत्र भेजे गये उसके बावजूद भी किसी अपीलान्ट ने उनसे सम्पर्क नहीं किया है। उक्त पत्र की छायाप्रति व रजिस्टर्ड डाक रसीदे पेश कर रहा हूँ तथा मामले में आयन्दा पैरवी बाबत No Instructions Plead करता हूँ। अतः उक्त प्रार्थना पत्र पर उचित कार्यवाही की जावें। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 12.8.2024 का अवलोकन किया गया तथा उसमें अंकित तथ्यों पर मनन किया गया। अपीलान्टस को अपीलान्टस के अधिवक्ता द्वारा अपील पत्रावली में पैरवी हेतु सम्पर्क किये जाने की सूचना दिये जाने के बावजूद भी किसी अपीलान्ट द्वारा न तो अधिवक्ता से सम्पर्क स्थापित किया जाना अवगत कराया गया है और न ही इतने समय तक न्यायालय हाजा के समक्ष उपस्थित होकर अपील को आगे चलाये जाने हेतु किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। ऐसे में अपील को और विचाराधीन रखा जाना उचित नहीं होगा। अतः प्रकरण के गुणावगुण पर विचार किये बिना अपीलान्टस की अपील अपीलान्ट के अधिवक्ता के द्वारा अपील पर पैरवी बाबत किये गये No Instructions Plead के आधार पर खारिज की जाती है। पत्रावली दर्ज फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावें।	

न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर

संभागीय आयुक्त
जोधपुर